दूरभाष: 0121–2643400(असैनिक)
फैक्स : 0121–2644418
ई–मेल :cbmeerut@dgest.org

संख्या. 167/जी/
कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद्
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
मेरठ छावनी (उ0प्र0)
दिनाक जुलाई 2017

सेवा में,

1. महानिदेशक रक्षा सम्पदा,
   भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय,
   रक्षा सम्पदा भवन,
   उल्लानबटटार मार्ग, दिल्ली छावनी –10।
2. जीओसी इन चीफ, मध्य कमान,
   1, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ छावनी।
3. प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा,
   मध्य कमान, 17, करियप्पा मार्ग,
   लखनऊ छावनी।
4. जीओसी, मेरठ सब एरिया, मेरठ छावनी।
5. श्रीमती बीना वाधवा, उपाध्यक्ष।
6. ब्रिगेडियर एस0सी0 गुप्ता, एसईएमओ/स्वास्थ अधिकारी, पदेन सदस्य।
7. रक्षा सम्पदा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ।
8. कर्नल रोहित पंत, मनोनीत सदस्य।
9. कर्नल अमरवीर सिंह, मनोनीत सदस्य।
10. ले0 कर्नल चेतन वी0 धवाड, जीई(एस), पदेन सदस्य।
11. मेजर मनमोहन एस0 बरार, मनोनीत सदस्य।
12. श्री गौरव वर्मा, एडीएम, मनोनीत सदस्य।
13. श्रीमती रिनी जैन, निर्वाचित सदस्य।
14. श्रीमती बुशरा कमाल, निर्वाचित सदस्य।
15. श्री नीरज राठौर, निर्वाचित सदस्य।
16. श्री अनिल जैन, निर्वाचित सदस्य।
17. श्रीमति मन्जू गोयल , निर्वाचित सदस्य।
18. श्री धर्मेन्द्र सोनकर, निर्वाचित सदस्य।
19. श्री विपिन सोढी, निर्वाचित सदस्य।

श्री राजीव श्रीवास्तव, मु.अ.अ/सदस्य सचिव

विशेष आमंत्रित

1–श्री राजेन्द्र अग्रवाल, माननीय संसद सदस्य
2–श्री मुनकाद अली, माननीय संसद सदस्य
3–श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल, माननीय विधायक

विषयः– छावनी परिषद् मेरठ की सामान्य बैठक ।

महोदय/महोदया,

छावनी परिषद, मेरठ के कार्यालय मे दिंनाक 05.06.2017 को 1130 बजे आयोजित हुई छावनी परिषद की सामान्य बैठक का कार्यवृत्त छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 43(2) के प्रावधानों के अनुसार भेजा जा रहा है।

भवदीय,

कृते/–
(राजीव श्रीवास्तव)भा.र.स.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी,
मेरठ छावनी।

छावनी परिषद्, मेरठ की वेबसाईट पर पोस्ट कर दिया गया - cbmrt.org.in
सभी सदस्यों को ई–मेल द्वारा भेज दिया गया

यह कार्यवृत्त अंग्रेजी के मूल पाठ का हिन्दी अनुवाद है किसी प्रकार की विसंगति होने पर अंग्रेजी का मूल पाठ ही मान्य होगा।

छावनी परिषद्, मेरठ के कार्यालय मे दिंनाक 05.06.2017 को 1130 बजे आयोजित हुई बैठक का कार्यवृत्त।

निम्नलिखित उपस्थित थे :–

1. मेजर जनरल के0 मनमीत सिंह	अध्यक्ष
2. श्रीमती बीना वाधवा	उपाध्यक्ष
3. कर्नल रोहित पंत	मनोनीत सदस्य
4. कर्नल अमरवीर सिंह, एस0एम	मनोनीत सदस्य
5. श्री गौरव वर्मा, एडीएम	मनोनीत सदस्य
6. श्रीमती रिनी जैन	निर्वाचित सदस्य
7. श्रीमती बुशरा कमाल	निर्वाचित सदस्य
8. श्री नीरज राठौर	निर्वाचित सदस्य
9. श्री अनिल जैन	निर्वाचित सदस्य
10. श्री मंजू गोयल	निर्वाचित सदस्य
11. श्री धर्मेन्द्र सोनकर	निर्वाचित सदस्य
12. श्री विपिन सौढी	निर्वाचित सदस्य
श्री राजीव श्रीवास्तव, मु.अ.अ	सदस्य सचिव

निम्नलिखित अनुपस्थित थे :–

1. ब्रिगेडियर एस0सी0 गुप्ता, एसईएमओ	पदेन सदस्य
2. मेजर मनमोहन एस0 बरार	मनोनीत सदस्य
3. ले0 कर्नल चेतन वी0 धवाड	पदेन सदस्य

<u>विशेष आमंत्रित :–</u>

1. श्री राजेन्द्र अग्रवाल, माननीय संसद सदस्य	विशेष आमंत्रित
2. श्री मुनकाद अली, माननीय संसद सदस्य	विशेष आमंत्रित
3. श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल, माननीय विधायक	विशेष आमंत्रित

<u>५२२ शपथ ग्रहण।</u>

छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 17 के प्रावधानों के अंतर्गत ब्रिगेडियर एस0सी गुप्ता, एसईएमओ को बोर्ड का सदस्य बनने पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराना।

522. संकल्प

ब्रिगेडियर एस0सी0 गुप्ता किसी अन्य व्यस्तता के कारण बैठक मे शामिल नही हो सके जिसके कारण स्थगित किया गया। अनुपस्थिति की अनुमति अध्यक्ष छावनी परिषद द्वारा दी गई।

५२३ शपथ ग्रहण।

छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 17 के प्रावधानों के अंतर्गत कर्नल रोहित पंत को बोर्ड का सदस्य बनने पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराना।

523. संकल्प

कर्नल रोहित पंत ने छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 17 के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड के मनोनीत सदस्य के रूप मे शपथ ग्रहण की।

कर्नल अमरवीर सिंह ने भी बोर्ड के मनोनीत सदस्य के रूप मे शपथ ग्रहण की। बोर्ड को सूचित किया गया कि उनका नामांकन कार्यसूची प्रसारित होने के बाद प्राप्त हुआ था जिसके कारण अलग कार्यबिंदु नही बनाया जा सका।

अगले कार्यबिंदु पर चर्चा से पूर्व, श्री विपिन सोढी ने कार्यसूची से सम्बन्धित पत्रावलियों को सदस्यों के अवलोकन हेतु उपलब्ध न कराने का मुददा उठाया। अध्यक्ष छावनी परिषद ने बताया कि उन्होने श्री विपिन सोढी, श्री अनिल जैन, श्री धर्मेन्द्र सोनकर एवं श्री नीरज राठौर द्वारा हस्ताक्षर किये गए लिखित नोट को देखा है एवं मु.अ.अ. के नजरिये पर भी विचार किया है। चुंकि, दिंनाक 01 जून को श्रीमती शोभा गुप्ता, निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान कार्यालय मे बैठक ले रही थी, मु.अ.अ. के लिए पत्रावलियाँ उपलब्ध कराना संभव नही था जब कार्यालय को सदस्यों के पत्रावलियों के निरीक्षण हेतु कार्यालय मे आने एवं दिंनाक 02 जून से 04 जून 2017 तक श्री विपिन सोढी के शहर से बाहर होने की कोई पूर्व जानकारी नही थी। इसके अलावा सुबह के समय सभी सदस्य कार्यालय मे मौजूद थे एवं उन्होने न ही तो निरीक्षण के कहा और न ही दोपहर बाद पत्रावलियों के निरीक्षण की अपनी योजना के बारे मे मु.अ.अ. को बताया। अध्यक्ष छावनी परिषद ने सुझाया कि जो सदस्य पत्रावलियों का निरीक्षण करना चाहते है वो मु.अ.अ. को उसकी पूर्व जानकारी दे जिससे उनके द्वारा आवश्यक व्यवस्था कराई जा सके। उन्होने जोर दिया कि बोर्ड बैठक मे, सदस्यों को बैठक को अच्छे से चलाने हेतु स्थिरता एवं सख्ती से साथ कार्य विनियमन के प्रावधानों का पालन करना चाहिए। मु.अ.अ. ने कहा कि बोर्ड ने जीओसी इन सी के प्राप्त पत्राचार पर पूर्व मे भी इस सम्बन्ध मे संकल्प लिया है।

५२४ छावनी अधिनियम, २००६ की धारा २६ के अंतर्गत कार्यवाही।

छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 26 के अंतर्गत अध्यक्ष छावनी परिषद की पूर्व अनुमति से मु.अ.अ द्वारा की गई कार्यवाही को नोट करने हेतु:

(1) पुराने अखबार/मैगजीन/छोटे बोर्डों पर विज्ञापन/पुराना कार्यालय फर्नीचर की नीलामी के लिए दी गई स्वीकृती दिंनाक 28.03.2017।

524. संकल्प

नोट किया गया।

५२५ छावनी परिषद कर्मचारियों को सी.एस.डी कैंटीन की सुविधा

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कॉग्रेस नामक कर्मचारी संघ से प्राप्त अभ्यवेदन दिंनाक शून्य जो इस कार्यालय मे दिंनाक 08.03.2017 को प्राप्त हुआ है जिसमे यह कहा गया है कि छावनी परिषद मेरठ के कर्मचारियों को भी सी.एस.डी. कैंटीन की सुविधा दी जाए क्योकिं वह भी रक्षा मंत्रालय के अधीन सिविल सेवा मे है। संघ ने यह भी कहा है कि रूडकी, बबीना, चकराता एवं बैरकपुर छावनी परिषदों के कर्मचारी सीएसडी सुविधा का लाभ ले रहे है एवं छावनी परिषद रूडकी एवं चकराता मध्य कमान के अंतर्गत है। अपने अभ्यवेदन के समर्थन मे संघ ने छावनी परिषद रूडकी के सम्बन्ध मे कैंटीन स्मार्ट कार्ड की प्रतिलिपि एवं छावनी परिषद बबीना, चकराता एवं बैरकपुर से सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त सूचना लगाई है, प्रथम दृष्टया यह लगता है कि ऐसी सुविधा उपरोक्त कथित छावनी परिषदों को दी जा रही है।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

525. संकल्प

स्टाफ को स्मार्ट कार्ड जारी करते हुए सीएसडी कैंटीन की सुविधा को बढाने के लिए अखिल भारतीय सफाई मजदूर कॉग्रेंस छावनी परिषद मेरठ शाखा के अनुरोध पर विचार किया गया। मामले पर विस्तृत चर्चा हुई। कर्नल रोहित पंत, मनोनीत सैन्य सदस्य एवं एडम कमांडेंट ने कहा कि छावनी परिषद कर्मचारियों को सीएसडी कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अध्यनन की आवश्यकता है क्योकि वे न ही तो सैन्य सेवाओं मे है और न ही केन्द्र सरकार की सिविल डिफेंस सेवाओं मे है। बोर्ड ने छावनी अधिनियम के प्रावधानों का संदर्भ ग्रहण किया एवं बोर्ड ने छावनी परिषद स्टाफ के नियोक्ता एवं सीएसडी सुविधा के लिए उनकी पात्रता के लिए कानूनी स्थिति के सम्बन्ध मे स्पष्टीकरण की ईच्छा व्यक्त की।

मु.अ.अ. ने बोर्ड को छावनी परिषदों मे नियुक्त स्टाफ की छावनी अधिनियम 2006, छावनी निधि सेवक नियमावली 1937, भारत सरकार द्वारा जारी समय समय पर आदेश एवं माननीय उच्चतम न्यायालय जो एआईआर 1988 एससी पृष्ठ 958 के प्रावधानों को उद्वत करते हुए कानूनी स्थिति बताई। बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गई रिपोर्ट निम्न है :–

1. छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 10 की उप–धारा (2) छावनी परिषदों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243पी की कंडिका (ई) के अंतर्गत एक म्यूनिसिपैलिटी बताती है।

2. छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 11 का प्रावधान स्पष्ट करती है कि छावनी परिषद एक निगमित निकाय है जिसका शाश्वत उत्तराधिकार है एवं यह स्पष्ट दर्शाता है कि इसके कर्मचारी एक विशेष बोर्ड के कर्मचारी है जिसमे उनको नियुक्त किया गया है। छावनी परिषद के कर्मचारी न ही तो केन्द्र सरकार के और न ही राज्य सरकार के कर्मचारी है।

3. छावनी परिषद के स्टाफ के सम्बन्ध मे उपरोक्त उल्लिखित कानूनी स्थिति छावनियों के कर्मचारियों एवं भारत सरकार के मध्य हुए विवाद जिसमें श्रम एवं रोजगार मंत्रालय दिंनाक 24 नवम्बर 1985 श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा एसआरओ संख्या 578 दिंनाक 04 मार्च 1960 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है मे भारतीय औद्योगिक न्यायधिकरण द्वारा बोंबे मे संदर्भ संख्या (एनटी) 2 ऑफ 1958 के दिए गए अवॉर्ड से सिद्ध होती है। इसके अलावा, दिंनाक 13 मई 1969 को विभागों एवं कर्मचारी संघों के मध्य एक मैमॉरेंडम ऑफ सेटलमेंट किया गया था जो अभी भी प्रभावी है।

4. छावनी परिषद कर्मचारियों की सेवाएं छावनी निधि सेवक नियमावली 1937 नामक नियमावाली से नियंत्रित है एवं उन्हे छावनी लेखा संहिता, 1924 के अंतर्गत छावनी निधि से वेतन का भुगतान किया जाता है।

5. इस सम्बन्ध मे भारत सरकार रक्षा मंत्रालय ने पत्र संख्या 25/25/सी/एल एंड सी/65 दिंनाक 06.05.1966 के माध्यम से यह स्पष्ट कहते हुए सर्कुलर जारी किया है कि ''**संविधान के अनुच्छेद 311 के अंतर्गत उपलब्ध सुरक्षा छावनी परिषदों के कर्मचारियों तक नही बढाई जा सकती क्योकिं छावनी परिषदों के कर्मचारी संद्य या राज्य के अंतर्गत कोई सिविल पद ग्रहण नही कर सकते जो अनुच्छेद 310(1) व 311(1) के द्वारा परिभाषित है। छावनी परिषद संवैधानिक प्राधिकारी है एवं जो संद्य या राज्य की सरकार से अलग है''।**

6. भारत सरकार रक्षा मंत्रालय ने एक अन्य पत्र संख्या 25/63/सी/एल एण्ड सी/67 दिंनाक 28.10.1967 के माध्यम से स्पष्ट किया है कि ''**चुंकि छावनी निधि सेवक केन्द्र सरकार के कर्मचारी नही है वे रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा सिविल कर्मचारियों के लिए समय समय पर जारी किये जाने वाले आदेश/निर्देशों द्वारा नियंत्रित नही है जब तक की उन्हे छावनी परिषद कर्मचारियों तक रक्षा मंत्रालय (वित्त) की पूर्व अनुमति से विस्तारित नही किया जाता।''**

7. माननीय उच्चतम न्यायालय ने जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ बनाम डा0 सुभाष चन्द्र के मामले मे दिए गए निर्णय जो एआईआर 1988 एससी 958 मे दिया गया है स्पष्ट कहा है कि छावनी परिषद एक अलग स्वतंत्र ईकाई है। यह सरकार से अलग है एवं इसके कर्मचारी केन्द्र सरकार के कर्मचारी नही है। वह छावनी परिषद के कर्मचारी है जो एक अलग ईकाई है।

8. यह तथ्य आगे भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के सर्कुलर (म.नि र.स) के पत्रांक 28/83/सी/एल एंड सी/73 दिंनाक25.08.1993 के भी सिद्ध होता है जो स्पष्ट कहता है कि ''**छावनी परिषद एक स्वत्त निकाय है एवं सभी कर्मचारी एक अलग बोर्ड के कर्मचारी है। इस प्रकार से एक विभागीय कर्मचारी का अर्थ केवल उस बोर्ड के कर्मचारी से है जिसमे नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति करने वाले बोर्ड से अलग बोर्ड के कर्मचारी एक नियुक्ति करने वाले बोर्ड मे विभागीय आवेदक नही माना जा सकता''।**

बोर्ड ने उपरोक्त पर विचार कर इस तथ्य के दृष्टिगत निर्णय लिया कि छावनी परिषद एक स्वतंत्र निकाय है एवं इसके कर्मचारी न ही तो केन्द्र सरकार के और न ही राज्य सरकार के कर्मचारी है, केन्द्र सरकार (डीओपीटी) से प्र.नि.र.स/म.नि.र.स के माध्यम से यह स्पष्टीकरण आवश्यक है कि क्या सीएसडी सुविधा छावनी परिषद कर्मचारियों को इसके लिए सक्षम मानते हुए

दी जा सकती है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात मामला पुनः बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि कर्नल रोहित पंत बोर्ड को छावनी परिषद कर्मचारियों को सीएसडी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। निर्वाचित सदस्यों ने भी बोर्ड के सदस्यों के रूप मे उनकी अवधि के दौरान सीएसडी सुविधा मिलने की ईच्छा जाहिर की। अध्यक्ष छावनी परिषद के कहा कि सीएसडी के वर्तमान निर्देशों मे निर्वाचित सदस्यों की पात्रता को खोजा जाएगा।

५२६ शुद्धि पत्र

संदर्भ : छा0बो0स0 संख्या 386 दिंनाक 17.01.2017।

संदर्भित छा0बो0स मे अनुमोदित क्रम संख्या 4 पर श्री टी0एस0 कोहली पुत्र श्री बी0एस कोहली के स्थान पर श्री इन्द्र जीत सिंह कोहली पुत्र श्री बी0एस0 कोहली पढने एवं नोट करने हेतु।

526. संकल्प

नोट किया गया।

५२७ वित्तीय समिति की बैठक के कार्यवृत की पुष्टि।

वित्तिय समिति की बैठक दिनाँक 24.05.2017 के कार्यवृत की पुष्टि करने हेतु।

527. संकल्प

विचार कर पुष्टि की गई।

५२८ सीआरपीसी १९७३ की धारा १९७ के अंतर्गत अभियोग चलाने की स्वीकृती।

व0पु0अधि0, जिला मेरठ से प्राप्त पत्र दिंनाक विविध/जी/153 दिंनाक 20.05.2017 जिसमे उन्होने भा0द0वि की धारा 147, 304ए के अंतर्गत अपराध के लिए वाद संख्या 309/2016 मे छावनी परिषद मेरठ के निम्नलिखित कर्मचारियों के विरूद्ध मुकदमा चलाने की स्वीकृती मांगी है:—

1. श्री अनुज सिंह, छा0अ0अभि
2. श्री पीयूष गौतम, स0अभि
3. श्री अवधेष यादव, अ0अभि (सि)
4. श्री अरविंद गुप्ता, अ.अभि
5. श्री योगेश यादव, स0नि0

बोर्ड को सूचनीय है कि दिंनाक 09.07.2016 को छावनी परिषद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा अवमानना वाद संख्या 380/2001 मे पारित आदेश दिंनाक 29.01. 2014 के अनुपालन मे बंगला संख्या 210—बी, वेस्ट एंड रोड, मेरठ छावनी मे अवैध निमार्ण/मॉल

का ध्वस्तीकरण किया गया। ध्वस्तीकरण स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी मे किया गया। अभियान के दौरान अचानक दुर्घटना के कारण 04 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी एवं छावनी परिषद स्टाफ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने उपरोक्त उल्लिखित कर्मचारियों के विरूद्ध मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित की जो पटल पर प्रस्तुत है। पुलिस ने उपरोक्त उल्लिखित कर्मचारियों के विरूद्ध सीआरपीसी की धारा 197 के अंर्तगत मुकदमा चलाने के लिए स्वीकृती मांगी है।

श्री अनुज सिंह एवं श्री पीयूष गौतम के पर्यवेक्षक स्टाफ होने के नाते सक्षम अधिकारी बोर्ड है एवं अन्य कर्मचारियों के मामले मे सक्षम अधिकारी मु.अ.अ. है।

व0पु0अ मेरठ से प्राप्त रिपोर्ट पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड मामले पर विचार कर निर्णय ले।

528. संकल्प

विचार किया गया। मु.अ.अ. ने बोर्ड को मामले एवं उसके द्वारा पूरे मुददे पर पूर्व मे लिए गए संकल्पों के बारे मे बताया। उन्होने सूचित किया कि श्री अनुज सिंह छा0अ0अभि को ध्वस्तीकरण कार्यवाही मे शामिल नही किया गया था एवं पुलिस के पत्र मे जिन अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध अभियोग की अनुमति मांगी गई है उन्ही को इसमे शामिल किया गया था। उपाध्यक्ष श्रीमती बीना वाधवा ने स्टाफ को दी जाने वाली सुरक्षा के सम्बन्ध मे छावनी अधिनियम 2006 की धारा 338 का संदर्भ दिया। मु.अ.अ. ने बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के लिए छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 338 कसे पढकर सुनाया। बोर्ड ने विस्तृत चर्चा के पश्चात निर्णय लिया कि चुंकि स्टाफ वास्तविक कार्यालयीन डयूटी पर था एवं कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार की जा रही थी, सम्बन्धित स्टाफ को छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 338 के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षा उपलब्ध है। निर्णय लिया गया कि सिद्वांत मे, सीआर पीसी 1973 की धारा सहपठित छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 338 के अनुसार अभियोग चलाने की कोई अनुमति न दी जाए। बोर्ड ने यह भी पाया कि पुलिस द्वारा भेजे गए दस्तावेज बडी मात्रा मे है जिनका अध्यनन एवं अवलोकन करना आवश्यक है। निर्णय लिया गया कि वह किया जाए एवं मामला बोर्ड के समक्ष आगे की कार्यवाही के लिए यथासमय रखा जाए।

५२९ कल्याणम करोती एवं छावनी परिषद् के बीच कैन्ट जनरल अस्पताल में संचालित आईविंग के करार का नवीनीकरण ।

कल्याणम करोती एवं छावनी परिषद् के बीच कैन्ट जनरल अस्पताल में संचालित आईविंग के करार का नवीनीकरण।

बोर्ड को सूचनीय है कि कैन्ट जनरल अस्पताल छावनी परिषद के परिसर में एक आईविंग कल्याणम करोती नामक एनजीओ के द्वारा संचालित है। यह करार

सुचारू रूप से १९९४ से चल रहा है और बोर्ड द्वारा वार्षिक आधार पर अनुमति दी जाती है, प्रतिवर्ष उचित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर करार कराया जाता है।

बोर्ड के प्रस्ताव संख्या २२८ दिनाँक १०.०६.२०१६ के द्वारा आईविंग चलाने हेतु दिनाँक ०१.०१.२०१६ से ३१.१२.२०१६ तक अनुमति दी गई। दिनाँक ०१.०९.२०१६ को आवश्यक करार ०१.०१.२०१६ से ३१.१२.२०१६ की अवधि के लिये किया गया।

बोर्ड को पुनः सूचनीय है कि पत्र दिनाँक २७.०४.२०१७ के द्वारा (रिटा०) ब्रि० एस.सी. जौहर, ए.वी.एस.एम. जनरल सचिव कल्याणम करोती के द्वारा करार के नवीनीकरण/अवधि बढ़ाने हेतु पत्र दिया गया।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय लें।

529. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि मौजूदा व्यवस्था को दिंनाक 01.01.2017 से 31.12.2017 तक नवीनीकृत कर दिया जाए एवं पिछले अनुबंध के अनुसार आवश्यक अनुबंध किया जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष से, यदि अनुबंध को नवीनीकृत किया जाता है, एनजीओ को अपना अलग बिजली मीटर लगाने के लिए कहा जाए।

५३० कैन्ट जनरल अस्पताल में संवीदा पर रखे गये पैरामैडिकल स्टाफ का नवीनीकरण।

कैन्ट जनरल अस्पताल में संवीदा पर रखे गये पैरामैडिकल स्टाफ के नवीनीकरण के विचार हेतु।

बोड को सूचित किया जाता है कि श्री जोय के सिंह, नर नर्स एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध आधार पर लगे हुए थे। वर्तमान समझौता ३१.०५.२०१७ की समाप्ति के लिए है और श्री जॉय के सिंह ने अपने आवेदन को १५.०४.२०१७ के द्वारा एक वर्ष की दूसरी अवधि के लिए अपने अनुबंध को नवीनकृत करने के लिए अनुरोध किया है। १५.०४.२०१७ के पत्र के माध्यम से आर०एम०ओ० कैन्ट जनरल अस्पताल ने अनुबंध के नवीनीकरण की सिफारिश की है। श्री जॉय के सिंह ऑपरेशन थिएटर, ड्रेसिंग रूम एवं वार्ड के कार्यों में किए जाने वाले शल्यचिकित्सा प्रक्रियाओं में पूर्ण रूप से सहायता करते है।

आर०एम०ओ० के द्वारा प्रेषित पत्र पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय लें।

530. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि श्री के0 जॉय सिंह की नियुक्ति को दिंनाक 01.01.2017 से 31.12.2017 तक एक वर्ष के लिए मौजूदा नियम एवं शर्तों पर नवीनीकृत कर दिया जाए।

५३१ छावनी परिषद द्वारा संचालित सी०ए०बी० इन्टर कालेज एवं प्राथमिक विद्यालयों में प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापकों की नियुक्ति हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन।

विषयोक्त कार्य हेतु दिनाँक २०.०४.२०१७ को आमंत्रित निविदाओं पर विचार हेतु। निविदा सूचना दिनाँक २४.०३.२०१७ को स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों जैसे हिंदुस्तान एवं जनवाणी में प्रकाशित कराई गई थी। केवल दो फर्मों मै० अलकनन्दा एसोसिएट और मै० सुरज सिक्योरिटी सर्विसेस द्वारा हिस्सा लिया गया। ने कैन्ट जनरल अस्पताल में संवीदा पर रखे गये पैरामैडिकल स्टाफ के नवीनीकरण के विचार हेतु। तकनीकी बोली का मूल्यांकन निम्न प्रकार है :-

S.No.	PARTICULARS	M/s Alaknanda Associates	M/s Suraj Security Services
1.	EMD	Yes	Yes
2.	Regd of agency with Registrar of firms	Yes	Yes
3.	PAN	Yes	Yes
4.	Registration with ESI	Yes	Yes
5.	Registration with EPF	Yes	Yes
6.	Registration with Service tax	Yes	Yes
7.	Experience (one year)	Experience submitted only for (labour etc not for teachers)	Experience submitted only for (labour etc not for teachers)
8.	Partnership deed	Yes	Yes
9.	Registration with Labour Dept.	Yes	Yes

बोर्ड को सूचनीय है चूँकि केवल दो बोली ही प्राप्त हुई है अतः वित्तिय बोली अभी तक नही खोली गई है, अतः उचित प्रतियोगिता हेतु बोलियां निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित की जायें।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय लें।

531. संकल्प

विचार किया गया कि चुंकि केवल 02 बोली ही प्राप्त हुई है, पर्याप्त संख्या की बोली जो कि 03 या अधिक है न होने के कारण बोलियों को अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया। नई निविदाएं आमंत्रित की जाए।

५३२ छावनी परिषद मेरठ छावनी के सम्बन्ध मे बजट आंकलन २०१७–१८ (संशोधित) एव २०१८–१९(वास्तविक)।

संदर्भ : निदेशालय रक्षा सम्पदा मध्य कमान पत्रांक 82877/जेन/एलसी–8/2016–17 दिंनाक 08.02.2017 एवं 02.05.2017 व 19.05.2017 एवं निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान का डीओ पत्र दिंनाक 24.04.2017।

छावनी परिषद मेरठ के वर्ष 2017–18 (संशोधित) एवं 2018–19(वास्तविक) के लिए बजट आंकलनों पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु।

कार्यालय रिपोर्ट

1. बोर्ड को सूचनीय है कि छावनी परिषद मेरठ के वर्ष 2017–18 (संशोधित) एवं 2018–19 (वास्तविक) के लिए बोर्ड के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त व्यवस्थाओं/आवश्यक्ताओं के आधार पर एवं निदेशालय रक्षा सम्पदा के संदर्भित पत्र मे ''स्मार्ट कैन्ट योजना'' के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो को शामिल करने के सम्बन्ध मे निहित निर्देशों के अनुसार छावनी लेखा संहिता 1924 के नियम 17 ए के अनुसार बजट आकंलन तैयार कर लिये गए है।

2. बोर्ड के निर्वाचित सदस्यों से भी इस कार्यालय के पत्र संख्या एमसीबी/10020/2017–18/एसीसीटी/बजट/1255 दिंनाक 19.05.2017 के माध्यम से उनके वार्ड मे होने वाले कार्य/सुझाव मांगे गए थे। निर्वाचित सदस्यों से प्राप्त सुझाव/मांग/कार्यों का ब्यौरों को ''लोक कार्य डी–1 एवं डी–2'' एवं अन्य सम्बन्धित मद्दों मे शामिल किया गया है।

3. प्रधान निदेशालय रक्षा सम्पदा को दिंनाक 15 जून 2017 से पहले बोर्ड द्वारा अनुमोदित बजट आंकलन अग्रेषित किए जाने है।

4. वर्ष 2017–18(संशोधित) एवं 2018–19(वास्तविक) बजट आंकलन का मसौदा बजट सार तथा अनुसंलनग्कों सहित पटल पर प्रस्तुत है।

   वर्ष 2017–18 के लिए बजट आंकलन (संशोधित) का मसौदा एवं 2018–19 (वास्तविक) का सार निम्न हैः–

BUDGET ESTIMATES FOR 2017-18 (R) & 2018-19 (O) OF MEERUT CANTT
AT A GLANCE : RECEIPTS

HEAD	ACTUAL FOR 2016-17	PROVISION FOR YEAR 2017-18 (O)	PROVISION FOR YEAR 2017-18 (Revised)	PROVISION FOR YEAR 2018-19 (Original)
Opening Balance	196206005	89045000	170999000	117623000
Taxes (House Tax, Water Tax, Show Tax)	41436081	60302000	60350000	60300000

Toll Tax	32505813	37500000	8473000	0
Octroi share from State Govt	0	0	0	0
Service Charges	251224119	301600000	431600000	301600000
Mily Conservancy	52360097	82925000	155723000	110757000
Non Tax Revenue	27557288	28534000	34421000	34421000
Interest on Deposit	5332222	2500000	5500000	5000000
Grant from Govt	242237144	505623000	957781000	765492000
Deposit (Securities)	18422709	20000000	22000000	22000000
Withdrawal from savings	222500000	0	165000000	0
Grant Total	**1089781478**	**1128029000**	**2011847000**	**1417193000**

BUDGET ESTIMATES FOR 2017-18 (R) & 2018-19 (O) OF MEERUT CANTT
EXPENDITURE

HEAD	ACTUAL FOR 2016-17	PROVISION FOR YEAR 2017-18 (Original)	PROVISION FOR YEAR 2017-18 (Revised)	PROVISION FOR YEAR 2018-19 (Original)
A. a Establishment (except Mily Consy staff)	196965820	233452000	313359000	264564000
b. Pension	99037447	114438000	165180000	100523000
A. Total	**296003267**	**347890000**	**478539000**	**365087000**
B (a) ORIGINAL WORKS				
(a) Buildings	0	10700000	92135000	47500000
(b) Roads	0	0	33615000	0
(c) Drainage	0	170800000	354179000	400000000
(d) Water Supply	9888691	0	39900000	0
(e) Stores	0	105000000	0	0
(f) Misc Public Improv	0	5000000	10000000	0
(b) MNTC WORKS				
Other Buildings D2(aa)	17658829	25000000	52000000	40000000
Hospital Building D2(ab)	1327224	4500000	4500000	4500000
Schools BuildingsD2(ac)	0	3000000	10000000	10000000

Roads	66062039	39000000	50000000	50000000
Drains	516143	14000000	20000000	20000000
Water Supply	5865141	15575000	15600000	15600000
Stores	2457229	3000000	5000000	5000000
Misc Public Impv	4791617	8000000	10000000	10000000
B. Total	**108566913**	**403575000**	**696929000**	**602600000**
c. MILY CONSY	**59929329**	**82925000**	**155723000**	**110757000**
D. CONTINGENCIES	179102566	192759000	374833000	230674000
TOTAL A+B+C+D	**643602075**	**1027149000**	**1706024000**	**1309118000**
Investment	260000000	0	165000000	0
Security, Advance, loan	15180545	21200000	23200000	23200000
Closing Balance	170998858	79680000	117623000	84875000
GRAND TOTAL	**1089781478**	**1128029000**	**2011847000**	**1417193000**

बोर्ड विचार कर अनुमोदित करे।

532. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि ब.आ 2017–18 (वा) के मसौदे की प्राप्ति की ओर मद्द आई (1) के भीतर मौजूदा मांग के साथ साथ पिछले 03 वर्ष की प्राप्ति या औसत मे रू 43.16 करोड के स्थान पर रू 30.16 करोड की व्यवस्था की जाए। रू 13 करोड का फर्क सहायता अनुदान (सामान्य) मे प्राप्ति की ओर वी(अ) मद्द मे शामिल किया जाए। मेरठ छावनी का वर्ष 2017–18(संशोधित) एवं 2018–19(वास्तविक) को उपरोक्त संशोधन के साथ अनुमोदित किया गया। छावनी लेखा संहिता, 1924 की धारा 17–ए के अनुसार जीओसी इन चीफ, मध्य कमान की स्वीकृती के लिए बजट आंकलन प्रधान निदेशक रक्षा सम्पदा मय कमान लखनऊ को प्रेषित किया जाए।

५३३ शिवाजी कॉलोनी, बीसी बाजार, मेरठ छावनी मे निम्न आय वर्ग के लिए मकान (एल.आई.जी.एच)।

सन्दर्भ : छावनी परिषद् संकल्प संख्या ५०२ दिनाँक २७.०२.२०१७।

उपरोक्त कथित छा0बो0स0 के माध्यम से एल.आई.जी.एच क्वार्टरों मे वास्तविक आवंटी के मृत्यु के बाद या वास्तविक आवंटी से आपसी समझौते पर रह रहे अवैध कब्जेदारों/कानूनी

उत्तराधिकारियों से क्षमन/स्थायीकरण शुल्क, लाईसेंस शुल्क मे वृद्धि करने एवं पिछले एरियर को स्वीकार करने पर विचार किया था।

कार्यालय नोट

बोर्ड को सूचनीय है कि उप–समिति की रिपोर्ट दिंनाक 30.08.2012 बोर्ड के समक्ष उसकी बैठक दिंनाक 27.02.2017 को रखी गई थी। बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 502 दिंनाक 27.02.2017 के माध्यम से उप–समिति की रिपोर्ट दिंनाक 30.08.2012 के माध्यम से दी गई संस्तुतियों पर विचार कर अनुमोदित करने का संकल्प लिया। उस पर तत्काल प्रभाव से कार्य किया जाए एवं मु.अ.अ उप–समिति की संस्तुतियों के अनुसार कार्यवाही करने के लिए अधिकृत है। सभी अवैध अधिभोगियों के विरूद्ध पीपीई अधिनियम के अनुसार कार्यवाही अमल मे लाई जाए। अवैध अधिभोग अवधि के लिए बकाया लाईसेंस शुल्क एवं नुकसान की वसूली की जाए। मु.अ.अ. यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मु.अ.अ यह सुनिश्चित करेंगे कि हर लाईसेंसी/आवंटी आवंटन की सभी नियम एवं शर्तों को पूरा करता है एवं उलंघन की स्थिति मे आवंटन को समाप्त करने एवं निकालने के लिए तुरंत कार्यवाही की जाए। श्रीमती मंजू गोयल ने लिखित नोट दिया जो नीचे चस्पा हैः–

डायरेक्टर, ऑडिट, सी0सी0, मेरठ के पत्र सं0 23 दिंनाक 22.08.2012 व इस आईटम में स्पष्ट है कि छावनी परिषद को करोडों रूपये का आउस रेन्ट वसूली न होने के कारण नुकसान उठाना पड रहा है। शिवाजी कॉलोनी स्थित क्वाटर्स में अवैध कब्जेदारों को वहा से हटाया जाये या उनसे लगभग दो लाख रूपये व लीगर हायरों से 25 प्रतिशत ट्रांस्फर/रेगुलाईजेशन फीस के रूप मे वसूल कर कियाये की रसीदें अनुमोदित दरों पर सी0ई0ओ0 के माध्यम से वसूल की जाए, जिससे कि छावनी परिषद की आय मे कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

उप–समिति की रिपोर्ट के अनुसार केवल 5प्रतिशत एलआईजीएच क्वार्टर ही रिपोर्ट मे उल्लिखित नियम एवं शर्तों को पूरा करते है। अतः, 95 प्रतिशत एलआईजीएच क्वार्टरों को खाली कराने की कार्यवाही अमल मे लाया जाना जल्दी संभव नही है। बोर्ड ने पहले से ही स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण कराया हुआ है जो उपयुक्त है एवं और स्टाफ क्वार्टरों की आवश्यकता नही है।

एलआईजीएच क्वार्टरों के अधिभोगियों ने मिलकर लाईसेंस शुल्क एवं संबद्ध शुल्क जमा करने के लिए संयुक्त प्रार्थना पत्र दिंनाक 10.04.2017 प्रेषित किया है। बोर्ड ने इस शर्त पर लाईसेंस शुल्क एवं संबद्ध शुल्क स्वीकार कर लिया कि छावनी परिषद संकल्प की अग्रिम कार्यवाही तक बोर्ड के हित को हानि पहुंचाए बिना लाईसेंस शुल्क एवं अन्य शुल्कों को स्वीकार कर लिया क्योकिं लाईसेंस शुल्क छा0बो0स0 के पहले का है एवं उपरोक्त कारण से आगामी अवधि का भी लाईसेंस शुल्क स्वीकार कर लिया जाए।

छावनी परिषद जलंधर ने भी एलआईजीएच क्वार्टरों का निर्माण किया है जिसका नाम कस्तूरबा नगर कॉलोनी है। एलआईजीएच कॉलोनी के कथित क्वार्टरों के अधिभोगियों ने अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन)/सीजेएम जलंधर के न्यायालय मे एलआईजीएच क्वार्टरों को खाली न कराने के लिए सिविल वाद संख्या 8/2002 दायर किया है जो कस्तुरबा गाँधी बनाम सचिव के माध्यम से भारत सरकार नाम से है। न्यायालय ने आदेश दिंनाक 16.12.

2010 के द्वारा वादी का वाद स्थायी निषेध आज्ञा हेतु वादी के पक्ष मे डिकरी किया विपक्षीगण के विरूद्ध विशेष रूप से प्रतिवादी संख्या 3 के विरूद्ध यह निर्देश देते हुए कि अल्प आय वर्ग आवास समूह अक्टुबर 1957 के संस्करण 2 प्रतिवादी संख्या 3 के द्वारा स्वीकार की गई है कि आत्मा एवं सार्वभौम रूप से जो कस्तुरबा नगर कॉलोनी स्थित जालंधर कैंट के सम्बन्ध मे है। आगे वादी का वाद स्थायी निषेध आज्ञा हेतु डिकरी किया गया जिसके द्वारा कस्तुरबा नगर क्वार्टरो के रहने वाले लोगो के शांति पूर्वक कब्जे से बेदखल करने अथवा उनके कब्जे मे किसी प्रकार का परिवर्तन करने से रोका गया। वादी का वाद सवय डिकरी किया गया।

बोर्ड ने एलआईजीएच क्वार्टरों के सम्बन्ध मे कानूनी उत्तराधिकारियों से अंकन 75000 रू जो परिवार की परिभाषा मे आते है लेकर नियमितीकरण करने का और जो परिवार की परिभाषा मे आते है उनसे छावनी बोर्ड प्रस्ताव संख्या 587 दिंनाक 29.05.2002 के द्वारा कोई शुल्क न लेने का निर्णय लिया था।

बोर्ड को सूचनीय है कि 148 एलआईजीएच क्वार्टरों मे से, 49 कर्वाटरों मे कानूनी उत्तराधिकारी एवं 19 मामलों मे अवैध अधिभोगी रह रहे है एवं 05 क्वार्टरों मे ताला लगा है एवं छावनी परिषद अवैध अधिभोगियों/कानूनी उत्तराधिकारियों से लाईसेंस शुल्क एवं अन्य शुल्क नही वसूल रहा है। लाईसेंस शुल्क को स्वीकार न करने के कारण लाईसेंस शुल्क के नाम पर 31.03.2017 तक 'ए' वर्ग से रू 14,44,000/– एवं 'बी' वर्ग से रू 1920000/– कुल लगभग रू 33,64,000/– अवैध अधिभोगियों/कानूनी उत्तराधिकारियों पर बकाया है।

राजस्व के हित मे एवं एलएओ (बी) एवं सी एंड एजी कार्यालय द्वारा लगाई गई आपत्ति के निपटारे के लिए, पूर्व के अभ्यास की भॉति, बोर्ड सभी बकाया, क्षमन शुल्क/नियमीकरण शुल्क लगाकर स्वीकार करे एवं अवैध अधिभोगियों/कानूनी उत्तराधिकारियों का शुल्क मे भी वृद्धि करें। यदि कोई व्यक्ति बकाया राशि, क्षमन/नियमीकरण शुल्क एवं बढे हुए शुल्क को जमा करने मे असफल रहता है, उसके विरूद्ध क्वार्टर को खाली कराने की कार्यवाही की जाए।

वर्तमान मे, बोर्ड ने छा0बो0स0 50 दिंनाक 26.02.2015 के माध्यम से 'ए' वर्ग के लिए रू 1500/– की दर से एवं 'बी– वर्ग के लिए रू 1000/– की दर से लाईसेंस शुल्क मे वृद्धि की है जो 2015–16 से बोर्ड केवल वास्तविक आवंटी से ही वसूल रहा है।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

533. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि अवैध अधिभोगी के लाईसेंस के नियमीकरण के लिए नियमीकरण शुल्क रू 1,50,000/– लगाया जाए। यदि किसी मामले मे अवैध अधिभोगी वास्तविक/अधिकृत आवंटी का कानूनी उत्तराधिकारी हो तो, अवैध अधिभोगी से नियमीकरण शुल्क का 25 प्रतिशत राशि वसूल की जाएगी। लाईसेंस के नियमीकरण के लिए अवैध अधिभोगी नोटरी किया हुआ एक शपथ पत्र प्रेषित करेंगे कि एलआईजीएच क्वार्टर खाली करने पर वह शांति से कब्जा दे देंगे। इसके लिए वह छावनी परिषद के साथ एक नया अनुबंध भी करेंगे। यदि

किसी मामले मे अवैध अधिभोगी वास्तविक आवंटी के कानूनी उत्तराधिकारी है एवं छावनी परिषद की सेवाओं मे है, अधिभोग का नियमीकरण बिना किसी नियमीकरण शुल्क के केवल सेवा अवधि के लिए ही होगा जिसके लिए अनुबंध किया जाएगा। वह सेवा से सेवानिवृत्त/सेवाएं समाप्त होने पर उन्हे क्वार्टर का शांति से कब्जा देना होगा, ऐसा न करने पर, उनसे वह खाली कराया जाएगा एवं सरकारी आवास खाली न करने के लिए होने वाली कार्यवाही की जाएगी। कार्यालय उपरोक्त वर्ग के क्वार्टरों के लाईसेंस के नियमीकरण के लिए 03 माह का नोटिस जारी करेगा जिसके भीतर नियमीकरण के प्रार्थना पत्र एवं अन्य कार्यवाही की जाएगी। किसी मामले मे, उपरोक्तउल्लिखित वर्ग मे कथित नोटिस अवधि मे अधिभोगी नियमीकरण के लिए आवेदन नही करता है तो उसके विरूद्ध अवैध अधिभोगी निष्कासन अधिनियम, 1971 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

५३४ छावनी निधि दुकानों के सम्बन्ध मे हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क मे वृद्धि।

संदर्भ : छा0बो0स0 संख्या 499 दिंनाक 27.02.2017।

मेरठ छावनी की सीमा मे विभिन्न स्थानों पर स्थित छावनी निधि दुकान/गोदाम/प्लैटफॉर्म/फड/स्टॉल/कमरे आदि के हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क मे वृद्धि पर विचार करने हेतु।

कार्यालय नोट

बोर्ड को सूचनीय है कि छावनी निधि दुकानो आदि के सम्बन्ध मे हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क मे वृद्धि मामला दिंनाक 27.02.2017 को आयोजित हुई बोर्ड की बैठक मे रखा गया था। बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 499 दिंनाक 27.02.2017 के माध्यम से विचार कर निर्णय लिया कि अवैध रूप से कब्जा किए हुए गोदामों/फडों एवं स्टॉलों आदि के अधिभोगी अधिकारों कों मौजूदा अधिभोगियों के नाम पर नियमित कर दिया जाए एवं अधिभोगियों से कार्यसूची मे उल्लिखित हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क या एसटीआर आधार पर हस्तांतरण शुल्क की गणना कर दोनों मे जो भी अधिक हो वसूला जाए। मु.अ.अ. डीएम सर्किल रेट/एसटीआर के अनुसार गणना शीट तैयार कराने के लिए अधिकृत है। यदि ऐसी गणना कार्यसूची मे प्रस्तावित दरों से कम पाई जाती है तो कार्यसूची मे उल्लिखित प्रस्तावित दरों की ही वसूली की जाए।

अधिभोग अधिकारों की अवधि नियमीकरण से एक वर्ष के लिए होगी एवं उसके पश्चात, छावनी अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार नियमित किया जाएगा।

बोर्ड को सूचनीय है कि संदर्भित छा0बो0स मे हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क की गणना के लिए कोई निर्देश/तरीका उल्लिखित नही है, अतः हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क की गणना करना संभव नही है।

छावनी निधि सम्पत्तियों के अवैध अधिभोगी/कानूनी उत्तराधिकारी के लिए निम्नलिखित हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क प्रस्तावित हैः–

S. No.	Cantt Fund Shop etc and Location	Area of shops	Present transfer/ regularization fee	Proposed transfer/ regularization fee

		(approx in Sqmtr)	U/a occupants	Legal heirs	U/a occupants	Legal heirs
1	Shops Boundary Road	24-30	75,000/-	750/-	2,00,000/-	25% of proposed transfer/ regularization fee
2	Shops Vikas Bazar	18-20	25,000/-	250/-	75,000/-	-do-
3	Shops Sanjay Gandhi Market	6-12	50,000/-	500/-	1,00,000/-	-do-
4	Shops in Campus of Cantt General Hospital	10-12	30,000/-	300/-	1,00,000/-	-do-
5	Shops Rohta Phatak	6-10	20,000/-	200/-	40,000/-	-do-
6	Shops City Railway Station	9-10	30,000/-	300/-	60,000/-	-do-
7	Shops Delhi Road/Abu Lane	60-80	82500/-	1500/-	2,50,000/-	-do-
8	Godown Mangal Pandey Bzr	30-40	20,000/-	1500/-	50,000/-	-do-
9	Arhat Phar	16-20	30,000/-	300/-	60,000/-	-do-
10	platforms Sadar Sabji Mandi	6-10	20,000/-	200/-	40,000/-	-do-
11	Bakeries/Rooms/Stall, BI Market	6-90	30,000/-	300/-	60,000/-	-do-
12	Meat stall other area	6-30	10,000/-	100/-	50,000/-	-do-
13	Shop measuring 5' x 5'	2.5	10,000/-	100/-	20,000/-	-do-

बोर्ड नियमीकरण के लिए नियम एवं शर्तों को बनाने एवं हस्तांतरण/नियमीकरण के आवेदन के लिए समय निर्धारित करने पर भी विचार कर सकता है। बोर्ड उन अवैध अधिभोगी जिन्होने लाईसेंस शुल्क जमा नही किया है से बकाया राशि वसूलने पर भी विचार कर सकता है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

534. संकल्प

विचार कर कार्यसूची मे प्रस्तावित हस्तांतरण/नियमीकरण शुल्क को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया। आगे निर्णय लिया गया कि, लाईसेंस/लीज के नियमीकरण की नियम/निर्देशों के अनुसार आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव जीओसी इन सी सीसी/प्र.नि. र.स को अग्रेषित किया जाए। कार्यालय लाईसेंस/लीज के नियमीकरण के लिए 03 माह का नोटिस जारी करेगा जिसके भीतर नियमीकरण के प्रार्थना पत्र एवं अन्य कार्यवाही की जाएगी। किसी मामले मे, उपरोक्तउल्लिखित वर्ग मे कथित नोटिस अवधि मे अधिभोगी नियमीकरण के लिए आवेदन नही करता है तो उसके विरूद्ध अवैध अधिभोगी निष्कासन अधिनियम, 1971 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

५३५ मेरठ छावनी के भीतर अवैध मंडपों मे शादियों पर रू ५०००/- का शुल्क लगाना।

संदर्भ : छा0बो0स0 संख्या 362 दिंनाक 22.11.2016।

मेरठ छावनी के भीतर बने अवैध मंडपों मे होने वाली शादियों पर रू 5000/— का शुल्क लगाने पर विचार करने हेतु।

कार्यालय नोट

बोर्ड को सूचनीय है कि संदर्भित छा0बो0स0 के अनुपालन मे, कार्यालय ने सभी शादी हॉल/मंडपों को प्रत्येक शादी समारोह के लिए रू 5000/– प्रति समारोह की दर से जमा कराने के लिए नोटिस जारी किए थे परन्तु मैरिज हॉल/बैंकट के मालिक बोर्ड द्वारा लगाए गए शुल्क को जमा करने के लिए तैयार नही है। उन्होने यह भी कहा कि बोर्ड को ऐसा कोई शुल्क लगाने का अधिकार नही है। कार्यालय ने बैंकट/मैरिज होम मालिकों को जवाब दिया कि कथित शुल्क को लगाने का अधिकार मेरठ छावनी परिषद को है एवं यह छावनी अधिनियम, 2006 की प्रावधानों के अंतर्गत है।

शादी समारोह के बाद, मैरिज होम/बैंकट के मालिक अपना कूडा सडक किनारे/सरकारी भूमि पर फेंक देते है जो छावनी परिषद द्वारा उठाया जाता है। बोर्ड ने कथित कूडा/अपशिष्ट उठाने के लिए 4/5 सफाई कर्मचारी एवं मशीनें छावनी परिषद द्वारा लगाई जाती है। बोर्ड रोजाना उनके वेतन एवं मशीन शुल्क पर लगभग 5000/– से 6000/– खर्च करता है जो छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 67(जी) के अंतर्गत मैरिज/बैंकट से वसूले जाने चाहिए।

छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 67(जी) के प्रावधानों के अनुसार कोई अन्य शुल्क जैसा कि बोर्ड चाहे नियमित कर सकता है विशेषतः कहा गया है कि इस धारा की कंडिका (जी) के अंतर्गत किसी विशेष सेवा को उपलब्ध कराने के लिए लगाया गया शुल्क बोर्ड द्वारा उस सेवा पर किए गए खर्च से कम नही होना चाहिए।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

535. संकल्प

बोर्ड ने नोट किया कि बैंकट हॉल नियमित रूप से शादियाँ एवं अन्य समारोह आयोजित कर रहे है एवं ऐसी अवस्थाओं से उत्पन्न होने के कारण, बोर्ड सफाई व्यवस्था बनाए रखने के हित मे सफाई सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। अतः बैंकट हॉल एवं अन्य संस्थाएं/सम्पत्ति जो शादी समारोह करा रहे है उन्हे छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 67(जी) के अंतर्गत बोर्ड द्वारा अनुमोदित शुल्क का भुगतान करना होगा, चुंकि शुल्क बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विशेष सेवा के लिए है।

५३६. शुद्धि–पत्र

संदर्भ : छा0बो0स0 370 दिंनाक 22.11.2016।

''एमईएस कार्यालय के पीछे, बंगला संख्या 176 तक के स्थान पर फलेवर रेस्तरां तक'' को नोट एवं पढने हेतु।

536. संकल्प

नोट किया गया।

५३७. <u>मेरठ छावनी रेलवे स्टेशन के निकट छावनी निधि दुकानों के सामने।</u>

संदर्भ : छा0बो0स0 संख्या 370 दिंनाक 22.11.2016।

श्री धनराज पुत्र श्री श्याम सुंदर, ग्राम पांचली खुर्द, मेरठ द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिंनाक 21.03.2017 पर विचार करने हेतु।

<u>कार्यालय नोट</u>

बोर्ड को सूचनीय है कि श्री धनराज ने संदर्भित प्रार्थना पत्र के माध्यम से कथित नीलामी मे उनके द्वारा जमा की गई पूर्ण राशि वापस करने का अनुरोध किया है क्योकिं स्थानीय दुकानदारों की आपत्ति के कारण, विषयगत पार्किंग आज तक नही चल रही है। उन्होने यह भी कहा है कि छावनी परिषद के सदस्यों ने बोर्ड बैठक मे विषयगत पार्किंग पर आपत्ति जताई है। ऐसी स्थिति मे, वह कथित निविदा को चलाने के ईच्छुक नही है।

बोर्ड ने कथित पार्किंग स्टैण्ड बनाया था एवं उस पार्किंग स्टैण्ड से पार्किंग शुल्क वसूली अधिकारों के नीलामी दिंनाक 10.08.2016 को आयोजित की गई। श्री धनराज द्वारा एक वर्ष की अवधि हेतु सर्वाधिक रू 52,000/– प्रतिवर्ष की बोली लगाई गई। निविदा की नियम एवं शर्तों के अनुसार सर्वाधिक बोलीकर्ता ने रू 5000/– सिक्योरिटी राशि एवं रू 13,000/– प्रथम किश्त के रूप मे जमा करा दी है। सर्वाधिक बोलीकर्ता ने कथित पार्किंग स्टैण्ड का कब्जा ले लिया था।

नीलामी की नियम एवं शर्तों के अनुसार, यदि ठेकेदार निविदा को बीच मे छोडता है तो, ठेकेदार द्वारा जमा की गई पूर्ण राशि जब्त कर ली जाएगी एवं उसके उपर बकाया सभी राशि छावनी अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार वसूली जाएगी।

वर्तमान मे, कथित पार्किंग स्टैण्ड खाली है एवं कोई वाहन पार्क नही किया जा रहा है।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

537. संकल्प

विचार कर अस्वीकार किया गया।

५३८. <u>पशुवध शुल्क मे वृद्धि</u> ।

पशुवध शुल्क मे वृद्धि पर विचार करने हेतु।

कार्यालय नोट

बोर्ड को सूचनीय है कि बोर्ड ने हण्डिया मौहल्ला मे स्थित पशुवधशाला मे होने वाले भैंस एवं बकरे के कटान के शुल्क 40 साल पहले लगाए थे। बोर्ड ने पहले ही वर्ष 2016 के दौरान कई शुल्क/प्रभार बढा दिए परन्तु अभी तक पशुवध शुल्क नही बढाया गया। मौजूदा पशुवध शुल्क निम्न हैः–

1. भैस के कटान पर – रू 25/– प्रति पशु
2. बकरे के कटान पर – रू 5/– प्रति पशु

बोर्ड ने उपरोक्त उददेश्य के लिए पशुवधशाला मे एक स्टॉकमैन एवं दो सफाई कर्मचारी नियुक्ति की है एवं पानी/बिजली सुविधा भी उपलब्ध कराई है। बोर्ड पशु कटान के लिए उपलब्ध कराई गई बिजली/पानी की सुविधा एवं कर्मचारियों के वेतन पर प्रतिमाह लगभग एक लाख रूपये खर्च कर रहा है परन्तु बोर्ड पशुवध शुल्क के नाम पर केवल लगभग रू 1000/– प्रतिमाह प्राप्त कर रहा है जो राजस्व का नुकसान है। ज्यादा राजस्व के हित मे, प्रस्तावित पशुवध शुल्क निम्न हैः–

1. भैस के कटान पर – रू 500/– प्रति पशु
2. बकरे के कटान पर – रू 200/– प्रति पशु

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

538. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि पशुवध शुल्क संशोधित कर निम्नानुसार बदला जाएः–

1. भैंस का कटान – रू 100/–
2. भैंस के बछडे का कटान – रू 50/–
3. बकरे का कटान – रू 25/–

५३९. काठ के पुल से आबुलेन तक पार्किंग स्थल (बाए तरफ केवल दो पहिया वाहन के लिए)

विविध भूमि किराया रजिस्टर मे प्रविष्ठित मांग को समाप्त करने हेतु।

कार्यालय नोटः

बोर्ड को सूचनीय है कि बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 91 दिंनाक 05.11.2015 के माध्यम से विषयगत पार्किंग स्थल से पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए एक वर्ष की अवधि हेतू श्रीमती राजेश

देवी पत्नि श्री हरदन सिंह द्वारा लगाई गई सर्वाधिक बोली रू 1,81,000/– प्रतिवर्ष को अनुमोदित किया था। नीलामी की नियम एवं शर्तों के अनुसार , सर्वाधिक बोलीकर्ता ने सिक्योरिटी राशि एवं प्रथम किश्त जो कि रू 45250/– है जमा कर दी है। कार्यालय ने भूमि किराये रजिस्टर मे रू 1,81,000/– की संविदा राशि की प्रविष्टी कर दी है। फिलहाल, रू 1,35,750/– ठेकेदार पर बकाया है।

ठेकेदार ने प्रार्थना पत्र दिंनाक 15.10.2016 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं सिक्योरिटी राशि वापस करने का अनुरोध किया था क्योकि स्थानीय दुकानदारों एवं व्यापार संघ के विरोध के कारण कथित पार्किंग नही चली एवं कोई पार्किंग शुल्क वसूल नही किया जा सका। मामला बोर्ड के समक्ष उसकी बैठक दिंनाक 22.11.2016 को रखा गया। बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 365 दिंनाक 22.11.2016 के माध्यम से निर्णय लिया कि श्रीमती राजेश देवी द्वारा अपने प्रतिवेदन दिंनाक 15.10.2016 मे बताई गई स्थिति को देखते हुए, सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाए।

छा0बो0स के अनुपालन मे, कार्यालय ने सिक्योरिटी राशि वापस कर दी। निविदा पहले ही समाप्त की जा चुकी है परन्तु बोर्ड ने भूमि किराया रजिस्टर मे उलिलखित रू 1,35,750/– की बकाया मांग को समाप्त/हटाने का निर्देश नही दिया है। बोर्ड को भूमि किराया रजिस्टर मे उल्लिखित किसी मांग को हटाने/समाप्त करने का अधिकार है।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

539. संकल्प

विचार कर निर्णय लिया गया कि छावनी परिषद मेरठ द्वारा बनाए गए भूमि किराए के मांग एवं वसूली बही मे से रू 135750/–की मांग को समाप्त करने के लिए प्र.नि. र.स के म.क. के माध्यम से आवश्यक प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को भेजा जाए।

५४०. <u>मासिक तहबाजारी शुल्क का पुर्नसंशोधन।</u>

संदर्भ : छा0बो0स0 संख्या 495 दिंनाक 27.02.2017 एवं छा0बो0स0 संख्या 317 दिंनाक 19.09.2016।

मासिक तहबाजारी मे पुर्नसंशोधन पर विचार करने हेतु।

<u>कार्यालय नोट</u>

बोर्ड को सूचनीय है कि बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 317 दिंनाक 19.09.2016 के माध्यम से दिंनाक 01.01.2017 से सदर बाजार, आबुलेन एवं बेगमपुल पर प्रति 100 वर्ग फीट के लिए रू

150/– प्रतिदिन, लालकुर्ती एवं छावनी रेलवे स्टेशन पर प्रति 100 वर्ग फीट के लिए रू 100 प्रतिदिन एवं रजबन, तोपखाना एवं अन्य बाकि जगहों पर रू 75/– प्रतिदिन से तहबाजारी शुल्क मे संशोधन कर दिया था।

बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 368 दिंनाक 22.11.2016 के माध्यम से मेरठ छावनी की सीमाओं मे दैनिक/साप्ताहिक तहबाजारी शुल्क को 100 वर्गफीट भूमि के प्रयोग पर रू 60/– प्रतिदिन के शुल्क मे संशोधित किया था।

छा0बो0स0 संख्या 19.09.2016 के अनुपालन मे, कार्यालय ने सभी व्यापारियों को दिंनाक 01.01.2017 से बढी हुई तहबाजारी शुल्क का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया था परन्तु कोई भी व्यापारी बढी हुई तहबाजारी शुल्क का भुगतान करने के लिए तैयार नही हुआ। उन्होने अनुरोध किया कि दैनिक तहबाजारी शुल्क रू 60/– प्रतिदिन 100 वर्गफीट भूमि के इस्तेमाल पर एवं वार्षिक तहबाजारी शुल्क रू 150/– प्रतिदिन 100 वर्गफीट भूमि के इस्तेमाल पर है।

तहबाजारी के पुर्नसंशोधन के सम्बन्ध मे उपाध्यक्ष एवं अन्य 04 निर्वाचित सदस्यों के द्वारा दिया गया मोशन दिंनाक 18.02.2017 बोर्ड के समक्ष उसकी बैठक दिंनाक 27.02.2017 को रखा गया था। बोर्ड ने छा0बो0स0 संख्या 495 दिंनाक 27.02.2017 के माध्यम से निर्णय लिया कि मामला कार्यालय के अध्यनन के लिए विलंबित किया जाए एवं उसके पश्चात मामला बोर्ड के समक्ष कार्यालय रिपोर्ट के साथ रखा जाए।

उपरोक्त दृष्टिगत, छा0बो0स0 संख्या 368 दिंनाक 22.11.2016 के अनुसार, मेरठ छावनी की सीमा मे बोर्ड 100 वर्ग फीट भूमि के इस्तेमाल के लिए बोर्ड रू 1800/– प्रतिमाह मे संशोधित करे।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

540. संकल्प

विचार एवं विस्तृत चर्चा के पश्चात, निर्णय लिया गया कि मासिक तहबाजारी को संशोधित कर रू 1200/– प्रति 100 वर्गफीट एवं रू 12/– प्रति वर्गफीट की दर से लगाई जाए।

५४१. <u>निर्णय</u>

अपीलीय अधिकारी जो प्र0नि0 र0स0 म0क0, लखनऊ है के द्वारा छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 340 के अंतर्गत अपीलों मे दिए आदेशों पर विचार करने हेतू।

बोर्ड अपीलीय अधिकारी जो प्र0नि0 र0स0 म0क0, लखनऊ है के द्वारा पारित आदेशों जिसमे उन्होने निम्नलिखित अपीलों को समाप्त/खारिज किया है को नोट करे। प्रत्येक मामले का विवेचन निम्न हैः–

Sl.	Appeal No.	Name of Appellants and	Date of Order	Notice No. and date

No.		Property Nos.		
1	34/2016	SmtKalpanaYadav w/o ShRajender Kumar	17.02.2017	No. Misc/900/E7A dated 03.06.2010
2	14/2016	ShMool Chand s/o ShNathu Singh	21.02.2017	No. Misc/729/E7A dated 29.04.2010
3	11/2016	ShSurender Kumar s/o ShPhool Chand	21.02.2017	No. Misc/817/E7A dated 13.05.2010
4	18/2017	ShVikasSodai s/o ShPhool Singh, SmtRameshwari Devi w/o Shri Phool Singh	28.02.2017	No. 836/479/E7A dated 30.03.2012
5	18/2016	Sh Dinesh Kumar Goel s/o Sh S.P. Goel	03.02.2017	No. Misc/1053/E7A dated 06.07.2010
6	38/2016	ShVinod Kumar s/o Sh M.R. Suchdev	08.02.2017	No. Misc/1179/E7A dated 27.07.2010
7	20/2016	Sh Guru CharanArora s/o Sh Ram Dass	22.02.2017	No. Misc/1054/E7A dated 06.07.2010
8	40/2016	Sh Anil Kumar s/o ShRaghunath	23.02.2017	No. Misc/1181/E7A dated 27.07.2010
9	74/2016	ShPramod s/o Sh Jai Bhagwan	23.02.2017	No. Misc/1917/E7A dated 15.11.2010
10	76/2016	ShPrem Chand Jain s/o ShVimal Pd. Jain	27.02.2017	No. Misc/1915/E7A dated 15.11.2010
11	92/2016	Sh Saran Dass s/o ShChiranjiLal&Ors.	07.03.2017	No. Misc/1358/E7A dated 31.10.2007
12	75/2016	Sh Deepak Bindal s/o ShRajender Pd. Bindal	28.02.2017	No. Misc/2014/E7A dated 29.11.2010
13	44/2016	ShSudhirYadav s/o ShSudama Prasad	28.02.2017	No. Misc/1467/E7A dated 06.09.2010
14	46/2016	ShSohanLal s/o ShBhonduLal	15.03.2017	No. Misc/1298/E7A dated 17.08.2010
15	43/2016	Sh Manish s/o Sh M.K. Sharma	04.03.2017	No. Misc/1224/E7A dated 05.08.2010
16	12/2016	Sh Sandeep s/o Sh Shankar	15.03.2017	No. Misc/816/E7A dated 13.05.2010
17	19/2016	S/ShVipul Jain s/o Sh Suresh Chand Jain, Manoj Jain s/o	17.03.2017	No. Misc/1018/E7A dated 24.06.2010

		Sh Suresh Chand Jain		
18	65/2016	Sh Ram Kumar s/o ShGaneshi Ram	16.03.2017	No. Misc/2019/E7A dated 29.11.2010
19	45/2016	Sh Kamal Rathore s/o Late JiaLal	08.03.2017	No. Misc/1469/E7A dated 06.09.2010
20	71/2016	ShBirbalSonkar s/o ShChanga Ram	09.03.2017	No. Misc/2018/E7A dated 29.11.2010
21	66/2016	ShHaseen Ahmed s/o Mohd Ibrahim	09.03.2017	No. Misc/1001/E7A dated 23.02.2005
22	03/2017	Sh Vishal Jain s/o Sh Suresh Chand Jain	30.03.2017	No. Misc/2732/E7A dated 03.05.2011
23	41/2016	Sh Sanjay Jain s/o Sh SP Jain	09.03.2017	No. Misc/1184/E7A dated 27.07.2010
24	68/2016	Sh Noor Mohd s/o NiazMohd	09.03.2017	No. Misc/711/E7A dated 07.10.2005
25	37/2016	Sh Vijay Kumar s/o KishanLal, SmtDeepa Mittal w/o Vijay Kumar	17.04.2017	No. Misc/1180/E7A dated 27.07.2010
26	60/2016	Sh Sandeep s/o Late ShNandLal	02.05.2017	No. Misc/1760/E7A dated 18.10.2010
27	02/2017	Sh Sunder Lal s/o ShDurga Prasad	02.05.2017	No. Misc/2892/E7A dated 30.05.2011

बोर्ड को सूचनीय है कि क्रम संख्या 26 पर श्री संदीप पुत्र स्व0 श्री नन्द लाल ने एक याचिका संख्या 22774 सन् 2017 संदीप बनाम छावनी परिषद् मेरठ व दो अन्य माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित की। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अपने आदेश दिनांक 23.05.217 के द्वारा आदेशित किया कि अगली तिथि तक प्रश्नगत आदेश दिनांक 05.10.2010 एवं 18.10.2010 को स्थगित कर दिया।

उपरोक्त अपीलें सक्षम प्राधिकारी निदेशालय रक्षा सम्पदा मध्य कमान लखनऊ द्वारा निरस्त कर दी गई है। क्रम संख्या 26 को छोड़कर सभी में आवश्यक नोटिस अन्तर्गत धारा 320 छावनी अधिनियम 2006 अनाधिकृत निर्माण 7 दिनों के भीतर हटाने/ध्वस्तिकरण हेतु जारी किये जाये।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

541. संकल्प

नोट किया गया। विचार कर निर्णय लिया गया कि कार्यबिंदु मे उल्लिखित क्रम संख्या 1, 15, 19 एवं 27 को छोडकर सभी मामलों मे अवैध निर्माणों को हटाने के लिए 07 दिनों का समय देते हुए छावनी अधिनियम 2006 की धारा 320 के अंतर्गत नोटिस जारी किये जाए। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा नोटिस का अनुपालन न करने पर, छावनी परिषद द्वारा आवश्यक पुलिस मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए एवं ध्वस्तीकरण का हर्जा खर्चा अवैध निर्माणकर्ता से वसूला जाए।

५४२. <u>निर्णय</u>

अपीलीय अधिकारी जो जी0ओ0सी0–इन–सी0 लखनऊ द्वारा छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 340 के अंतर्गत अपीलों मे दिए आदेशों पर विचार करने हेतू।

बोर्ड अपीलीय अधिकारी जो जी0ओ0सी0–इन–सी0 लखनऊ के द्वारा पारित आदेशों जिसमे उन्होने निम्नलिखित अपीलों को समाप्त/खारिज किया है को नोट करे। प्रत्येक मामले का विवेचन निम्न हैः–

Sl. No.	Appeal No.	Name of Appellants and Property Nos.	Date of Order	Notice No. and date
1	08 & 09/2013	ShVikramJeetShastri s/o Sh Tara Chand Shastri	27.03.2017	No. MCB/ENGG/BLDG/93/222/3512 dated 23.05.2013
2	10/2013	ShVikramJeetShastri s/o Sh Tara Chand Shastri	27.03.2017	No. MCB/ENGG/BLDG/93/222/3294 dated 15.04.2013

उपरोक्त अपीलें सक्षम प्राधिकारी जी0ओ0सी0–इन–सी0 लखनऊ द्वारा निरस्त कर दी गई है। और आदेशित किया गया है कि नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बोर्ड को यह भी सूचनीय है कि अपीलार्थी ने याचिका संख्या 16602 सन् 2017 व संख्या 17557 सन् 2017 विक्रमजीत शास्त्री बनाम् छावनी परिषद् मेरठ व अन्य माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित की है। माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 20.04.2017 द्वारा आदेशित किया कि मामला दिनांक 22.05.2017 को सुनवाई हेतु लगाया जाये एवं अगली सुनवाई की तिथि तक आदेश दिनांक 15.04.2013(नोटिस अन्तर्गत धारा 248) जो सी0ई0ओ0 मेरठ द्वारा पास किया गया स्थगित रहेगा।

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

542. संकल्प

नोट किया गया।

५४३. <u>निर्णय</u>

अपीलीय अधिकारी जो प्र0नि0 र0स0 म0क0, लखनऊ है के द्वारा छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 340 के अंतर्गत अपीलों मे दिए आदेशों पर विचार करने हेतू।

बोर्ड अपीलीय अधिकारी जो प्र0नि0 र0स0 म0क0, लखनऊ है के द्वारा पारित आदेशों जिसमे उन्होने निम्नलिखित अपीलों को समाप्त/खारिज किया है को नोट करे। प्रत्येक मामले का विवेचन निम्न हैः–

Sl. No.	Appeal No.	Name of Appellants and Property Nos.	Date of Order	Notice No. and date
1	72/2016	ShMukesh Jain s/o Late Pawan Kumar Jain	17.03.2017	No. Misc/2089/A7A dated 21.12.2010
2	62/2016	ShSatish Chand s/o Late Brij Mohan Lal	08.03.2017	No. Misc/1761/E7A dated 18.10.2010

उपरोक्त अपीलें सक्षम प्र0नि0 र0स0 म0क0, लखनऊ द्वारा स्वीकार कर ली गई है

सम्बन्धित पत्रावली पटल पर प्रस्तुत है।

बोर्ड विचार कर निर्णय ले।

543. संकल्प

नोट किया गया। निर्णय लिया गया कि कार्यालय द्वारा कानूनी सलाह ली जाए एवं उसके पश्चात यदि कानूनी राय के अनुसार अपीलीय अधिकारी के आदेश को चुनौती देना हो तो माननीय न्यायालय मे याचिका दायर की जाए।

५४४. अवैध निर्माण : छावनी अधिनियम की धारा २४८ के अन्तर्गत नोटिस जारी करना।

श्री रंजीत सिंह पुत्र श्री रणबीर सिंह पार्ट ऑफ बंगला संख्या 213, वेस्ट एण्ड रोड़, मेरठ कैन्ट द्वारा किए गय नये अवैध निर्माण के सम्बन्ध में अभियांत्रिकी स्टाफ द्वारा दिनांक 08.03.2017 को प्रेषित रिपोर्ट पर विचार करने हेतु।

अवैध निर्माणकर्ता द्वारा बंगला संख्या 213, वेस्ट एण्ड रोड़, मेरठ कैन्ट में छावनी परिषद की बिना पूर्व अनुमति के नया निर्माण किया है जो कि निम्न है :–

<u>भूमि तल :–</u>

1. Room measuring 11'-10"x7'-6" has been constructed uptoroof LVL in part of B.No. 213, West End Road, Meerut Cantt.
2. Room measuring 11'-10" x 7"-6" has been constructed toward North upto roof LVL.

